भूमि पूजन समारोह में बुंदेलखंड और पूर्वांचल पर विशेष फोकस

सबसे ज्यादा 26000 करोड़ रुपये का लक्ष्य मिर्जापुर को, नवंबर में प्रस्तावित तारीख से आगे बढ़कर दिसंबर या जनवरी में जीबीसी की संभावना

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश सरकार एक बार फिर बड़े निवेश सम्मेलन की तैयारी में जुटी है। भूमि पूजन समारोह यानी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी)-5 के लिए विभागों और जिलों को कुल 5 लाख करोड़ रुपये का लक्ष्य तय किया गया है। शासन द्वारा यह लक्ष्य 28 अक्टूबर को जारी किया गया था। हालांकि जीबीसी-5 नवंबर में प्रस्तावित थी, लेकिन अब इसके दिसंबर या जनवरी तक बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। पांचवें संस्करण में बुंदेलखंड और पूर्वांचल पर खास फोकस रहेगा।

आईआईडीसी दीपक कुमार द्वारा जिलेवार निवेश लक्ष्य तय कर दिए गए हैं, ताकि निवेश प्रस्तावों को समय पर अंतिम रूप दिया जा सके और भूमि आवंटन सहित अन्य औपचारिकताएं पूरी हो सकें।

टॉप 10 जिलों का टारगेट

जीबीसी-5 के लिए जिन जिलों पर सरकार ने विशेष ध्यान दिया है, उनमें मिर्जापुर का लक्ष्य सबसे अधिक 26000 करोड़ रुपये तय किया गया है। इसके बाद सोनभद्र, गाजियाबाद और लखनऊ को 20000 करोड़ रुपये का लक्ष्य दिया गया है। झांसी (16000 करोड़), बरेली (15000 करोड़), कानपुर नगर (12000 करोड़), अलीगढ़ (11000 करोड़) तथा बुलंदशहर, मेरठ और मुरादाबाद को 10000 करोड़ रुपये का टारगेट मिला है।

अब तक चार जीबीसी में दस लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश

उत्तर प्रदेश में अब तक चार भूमि पूजन समारोह (जीबीसी) आयोजित किए जा चुके हैं। इन चार आयोजनों में कुल 17,000 से अधिक प्रोजेक्ट्स में 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश को मंजूरी दी जा चुकी है।

जीबीसी	तारीख	प्रोजेक्ट्स की संख्या	कुल निवेश (करोड़ रुपये में)
जीबीसी-1	29 जून 2018	81	61,792
जीबीसी-2	28 जुलाई 2019	290	67,202
जीबीसी-3	3 जून 2022	1,406	80,224
जीबीसी-4	19 फरवरी 2024	14,701	10,01,056

दिसंबर-जनवरी में भव्य आयोजन की तैयारी

सूत्रों के मुताबिक, जीबीसी-5 का आयोजन लखनऊ में बड़े स्तर पर किया जाएगा। इसमें देश-विदेश के नामी औद्योगिक घराने शामिल हो सकते हैं। विभागीय स्तर पर प्रोजेक्ट्स की स्क्रूटनी और भूमि आवंटन की प्रक्रिया चल रही है। सरकार का लक्ष्य है कि इस बार निवेश केवल घोषणाओं तक सीमित न रहे, बल्कि अधिकांश परियोजनाएं जमीन पर उतरें, ताकि प्रदेश में रोजगार और आर्थिक विकास की गति और तेज हो सके।

POWERED BY TATA MOTORS | Better Always
आज का ईंधन भाव
कीमत (₹ / लीटर)
पेट्रोल 94.69
डीज़ल 87.81
अक्षीकरण: मूल्य सुबह 5 बजे तक के हैं, शहर अनुसार बदल सकते हैं। Source: IOCL
सब्ज़ी ट्रान्सपोर्ट का सुपरस्टार
भरो 70 क्रेट्स ज्यादा*, हर ट्रिप में कमाओ प्रॉफिट ज्यादा
TATA ULTRA T.19
मिस कॉल करें 020 69134666

दुबई के बाद अब रूस का बुलावा मांगे पांच लाख कुशल कामगार

27 युवाओं को दुबई का टिकट देकर श्रम विभाग ने किया रवाना

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। रोजगार महाकुंभ में दुबई के लिए चयनित 1612 युवाओं में से 27 युवाओं को दुबई प्रस्थान के लिए श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर की अध्यक्षता में 'ओवरसीज जॉब्स फ्लैग ऑफ सेरेमनी' का आयोजन किया गया। इन युवाओं की वीजा और टिकट प्रक्रिया पूरी हो गई थी। 26 से 28 अगस्त तक लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित रोजगार महाकुंभ में 16 हजार से ज्यादा युवाओं को नौकरी मिली थी। वहीं, रूस सरकार की ओर से आई पांच लाख श्रमिकों की नई मांग को देखते हुए प्रदेश सरकार ने आगामी कार्यवाही के लिए योजना बनानी शुरू कर दी है।



श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर और प्रमुख सचिव श्रम डॉ. एमकोएस सुंदरम ने दुबई के लिए चयनित अभ्यर्थियों को वीजा सहित टिकट दिए। -विभाग

सोमवार को अनिल राजभर और प्रमुख सचिव श्रम डॉ. एमकोएस सुंदरम ने चयनित अभ्यर्थियों को वीजा सहित टिकट दिए। श्रम मंत्री ने अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह नई यात्रा न केवल उनके बल्कि उनके परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी। श्रम मंत्री ने कहा कि विदेशों में काम करने जा रहे अभ्यर्थियों के लिए सरकार हर स्तर पर सहयोग कर रही है। श्रम एवं सेवायोजन विभाग ने एक विशेष पोर्टल और हेल्पलाइन नंबर जारी किया है, जिससे विदेशों में तैनात किसी भी अभ्यर्थी को वीजा, पासपोर्ट या नियोक्ता से जुड़ी किसी समस्या में तुरंत सहायता मिल सके।

अपर मुख्य सचिव श्रम डॉ. सुंदरम ने बताया कि हर वर्ष लगभग 25 हजार अभ्यर्थियों को विदेशों में और एक लाख युवाओं को देश में निजी क्षेत्र में रोजगार दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक हजारों युवाओं को इस्राइल, दुबई, सऊदी अरब, कतर, मलेशिया और अन्य देशों में नियुक्तियां मिल चुकी हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसके सेवायोजन विभाग को भारत सरकार द्वारा ओवरसीज प्लेसमेंट के लिए लाइसेंस (आर-5) दिया गया है। सेवायोजन निदेशक नेहा प्रकाश ने विशेष पोर्टल और एप लॉन्च करने की जानकारी दी जिसके माध्यम से विदेशों में कार्यरत उत्तर प्रदेश के अभ्यर्थी तत्काल संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकेंगे।

लोक निर्माण विभाग की पांच निर्माण परियोजनाओं को हरी झंडी

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति की बैठक में मिली मंजूरी

लखनऊ। मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में सोमवार को विभिन्न निर्माण परियोजनाओं में उच्च विशिष्टियों और पीसीयू (प्रोजेक्शनल कैरिज यूनिट) शिथिलीकरण से संबंधित प्रस्तावों पर विचार के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक हुई। लोक निर्माण विभाग की पांच परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। इनमें एक परियोजना में उच्च विशिष्टियों के कार्य तथा चार परियोजनाओं में पीसीयू मानक में शिथिलीकरण के प्रस्ताव शामिल हैं।

मुख्य सचिव ने बताया कि इन परियोजनाओं से प्रदेश के सड़क नेटवर्क, औद्योगिक विकास और ग्रामीण संपर्क में मजबूती आएगी, जिससे राज्य की आर्थिक प्रगति को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय प्रदेश के खुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

बैठक में बस्ती जिले की महर्षि वशिष्ठ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध ओपेक चिकित्सालय कैली की परियोजना को उच्च विशिष्टियों के कार्य के लिए लगभग 3.04 करोड़ रुपये की लागत पर स्वीकृति दी गई।

जनपद अयोध्या में 5.49 करोड़ रुपये की लागत से ब्लॉक बीकापुर मुख्यालय संपर्क मार्ग (लंबाई 0.850 किमी) के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण को मंजूरी दी गई। बहराइच में 58.25 करोड़ रुपये की लागत से एनएच-730 (एच) से रजनवा एसएसबी चौकी मार्ग (13.910 किमी) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण को भी समिति की मंजूरी मिली।


इसके अलावा मिर्जापुर में दो प्रमुख सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई। पहली में 9.19 करोड़ रुपये की लागत से एलडी रोड से मां विन्ध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय देवरी कला मड़िहान तक फोर लेन मुख्य पहुंच मार्ग (1.570 किमी) का निर्माण किया जाएगा, जबकि दूसरी परियोजना में 4.75 करोड़ रुपये की लागत से उसी मार्ग का वैकल्पिक दो लेन पहुंच मार्ग (1.840 किमी) तैयार होगा। बैठक में अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित कुमार घोष, प्रमुख सचिव लोक निर्माण अजय चौहान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। ब्यूरो

सरकारी कर्मचारी के चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों का सत्यापन एक ही अफसर से कराएं : हाईकोर्ट

कहा, चिकित्सा अधीक्षक या सीएमओ से सत्यापन कराएं

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने एक आदेश में कहा कि सरकारी कर्मचारी के चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों का सत्यापन और तकनीकी परीक्षण एक ही अफसर से कराएं। कोर्ट ने कहा कि बिलों का सत्यापन और परीक्षण या तो सरकारी अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक या फिर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) से कराएं, दोनों से नहीं। इस आदेश से सरकारी कर्मचारियों को चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों के भुगतान में राहत मिलेगी।

न्यायमूर्ति मनीष माथुर की एकल पीठ ने यह आदेश कर एवं निबंधन विभाग के लखनऊ निवासी सेवानिवृत्त कर्मचारी श्याम शंकर मिश्र की याचिका पर दिया। याचिका में याची के चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों को चिकित्सा अधीक्षक के सत्यापन के बाद सीएमओ से भी सत्यापित करवाए जाने की प्रक्रिया को चुनौती दी गई थी।



याची के अधिवक्ता अभिषेक मिश्र का कहना था कि चिकित्सा अधीक्षक द्वारा बिलों के सत्यापन और तकनीकी परीक्षण के बाद इन्हें सीएमओ को सत्यापन के लिए भेजा जाना कानूनी प्रावधानों के खिलाफ है।

कोर्ट ने याचिका मंजूर कर ली और याची को निर्धारित समय में चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों का भुगतान करने का निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिया है। संवाद

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में भर्ती की जिम्मेदारी आईआईटी कानपुर को

लखनऊ। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) में समूह ख के 45 अधिकारियों की भर्ती के लिए सोमवार को बोर्ड और आईआईटी कानपुर के बीच एमओयू (अनुबंध) किया गया। इससे यूपीपीसीबी में लंबे समय से खाली पद भरे जा सकेंगे। अगले 4-6 महीने में भर्ती प्रक्रिया पूरी करने का फैसला किया गया है। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत वर्तमान में सहायक पर्यावरण अभियंता के रिक्त 28 और सहायक वैज्ञानिक अधिकारी के रिक्त 17 पद भरे जाएंगे। एमओयू पर आईआईटी कानपुर के रजिस्ट्रार विश्व रंजन और बोर्ड के सदस्य सचिव संजीव कुमार सिंह ने हस्ताक्षर किए। ब्यूरो

साउंड्स ऑफ कुंभ...ग्रैमी अवार्ड्स की फाइनल नामांकन सूची में

भारतीय संगीत के लिए नया मुकाम, सूचना एवं संस्कृति विभाग की टीम की पहल से हुआ था तैयार

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रयागराज में महाकुंभ के सफल आयोजन के बाद यूपी सरकार के खाते में एक और उपलब्धि जुड़ गई है। महाकुंभ की थीम पर सिद्धांत भाटिया द्वारा निर्मित एल्बम साउंड्स ऑफ कुंभ को 68वें ग्रैमी अवार्ड्स की फाइनल नामांकन सूची में शामिल कर लिया गया है। इस एल्बम को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम श्रेणी में नामांकित दिखाया गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी संभालने वाली सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की तत्कालीन टीम के प्रयासों से यूपी के हिस्से में यह उपलब्धि जुड़ गई है।

रिकॉर्डिंग अकादमी की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया है कि सूचना विभाग की तत्कालीन टीम के प्रभावी प्रयासों ने 'साउंड्स ऑफ कुंभ' को नया मुकाम दिलाया। एल्बम के जरिये महाकुंभ के आध्यात्मिक पहलू और सांस्कृतिक अनुभव को संगीत के माध्यम से पेश किया गया है। एल्बम में बारह ट्रैक शामिल हैं और इसे जुलाई 2025 में रिलीज किया गया था। एल्बम के निर्माण में विश्वभर के 50 से अधिक कलाकारों ने भाग लिया है, जिनमें श्री श्री रविशंकर, ग्रैमी विजेता जिम कीमो वेस्ट, मादी दास, रॉन कॉर्ब और राजा कुमारी जैसे नाम प्रमुख हैं।

निर्माता सिद्धांत भाटिया ने कहा है कि यह काम महाकुंभ की भावना और भारत की आध्यात्मिक परंपरा को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का प्रयत्न है। एल्बम में पारंपरिक भारतीय वाद्य, फील्ड रिकॉर्डिंग और आधुनिक निर्माण तकनीक का संयोजन दिखाई देता है, जिसका उद्देश्य श्रोता को ध्यान और भक्ति से जोड़ना है। ग्रैमी समारोह इस बार फरवरी 2026 में आयोजित किया जाएगा।

भारतीय संगीत के लिए ऐतिहासिक पल

संगीत जगत में यह कदम महत्वपूर्ण इसलिए भी है क्योंकि ग्रैमी जैसी अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में स्थान बनना भारतीय पारंपरिक-आधुनिक संयोजन की स्वीकृति माना जाता है। मीडिया कवरेज और सोशल पोस्ट्स में भी एल्बम को उपलब्धि को व्यापक रूप से साझा किया जा रहा है। अगर 'साउंड्स ऑफ कुंभ' को कटेगरी में पुरस्कार मिलता है तो यह भारतीय संगीत के लिए एक नया ऐतिहासिक पल होगा।

यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम)
बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)
आंचलिक कार्यालय : शिवा पैलेस, देवकाली,बाईपास क्रासिंग, अयोध्या - 224001
ई-मेल : zoayodhya.rec@ucobank.co.in

(चल एवं अचल सम्पत्तियों के लिए बिक्री सूचना, परिशिष्ट-IV- [नियम 6(2) एवं 8(6) के प्रावधान को देखें])

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 सपठित प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 6(2) एवं 8(6) एवं नियम 9 के अन्तर्गत चल एवं अचल सम्पत्तियों के बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्वारा जनसाधारण एवं ऋणी तथा जमानतकर्ता के विशेष रूप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित चल एवं अचल सम्पत्ति / बंधक / प्रभार मुक्त सम्पत्ति को जिसे यूको बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जे में लिया गया है, को बैंक के बकाया वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा 'जो है जहां है' एवं 'जो कुछ भी है' के आधार पर बिक्री का प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। ऋणी / जमानतकर्ता / प्रतिभूति आस्ति / देय / आरक्षित मूल्य / ई-नीलामी का तिथि एवं समय, धरोहर राशि (EMD) एवं बिड बढ़ोतरी राशि का विवरण निम्नलिखित है।

ई-नीलामी की तिथि एवं समय : क्र.सं. 1 से 3 (28.11.2025) क्र.सं. 4 (15.12.2025) 12.00 बजे से 05.00 बजे तक

धरोहर राशि/बिड दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि : क्र.सं. 1 से 3 (27.11.2025) क्र.सं. 4 (14.12.2025) (सायं 4.30 बजे तक)

क्र. सं.	शाखा का नाम ऋणी का नाम व बन्धककर्ता का नाम	बंधक सम्पत्ति का विवरण	बकाया राशि	देय की तारीख/ तारीख	आरक्षित मूल्य अंकित मूल्य / बिड बढ़ोतरी राशि
	शाखा-सुलतानपुर (Email : : sulci@ucobank.co.in)				
1.	ऋणकर्ता—मेसर्स राज मेडिकल स्टोर्स प्रो. श्री संतोष कुमार सिंह पुत्र श्री भोला नारायण सिंह निवासी 1679, शास्त्री नगर, खैराबाद, सुलतानपुर शहर-228001 जमानतकर्ता — श्रीमती राज कुमारी पत्नी श्री भोला नारायण सिंह, निवासी 1679, शास्त्री नगर, खैराबाद, सुलतानपुर सिटी-228001	डा. खैराबाद पी. सदर सुलतानपुर खसरा कोतवाली नगर में गाटा संख्या 393 मि. खतौनत संख्या-02560 पर स्थित संपत्ति, जोकि श्रीमती राज कुमारी सिंह पत्नी भोला नारायण सिंह के नाम पर है सेलडीड 1361 वर्गफुट, वर्ष 1984 का पिलंथ, पुराना संख्या-1 खंड स.-1293 पृष्ठ 214–216 दिनांक 04.05.1984 को उप निबंधक सर्वाधिक सदर सुलतानपुर में क्रम संख्या–1759 पर पंजीकृत किया गया। सम्पत्ति की चौहदी पूर्व–वस्तु का घर पश्चिम सड़क, उत्तर–सरदार अजीत सिंह का घर, दक्षिण–दयाराम का घर	₹ 36,20,583.34 दिनांक 30.04.2023 से ब्याज अन्य खर्च प्रतीकात्मक	24.05.2023 11.09.2023 प्रतीकात्मक	59.72 लाख 5.972 लाख 0.50 लाख
	शाखा-अमेठी (Amethi@ucobank.co.in)				
2.	ऋणकर्ता: मेसर्स राजपूत ऑयल मिल प्रो. श्री अनुराग सिंह पुत्र स्व. सूरेंद्र सिंह निवासी– ग्राम जग्गोपुर पोस्ट–रामगढ़ जिला–अमेठी 227405 जमानतकर्ता : श्री राम मिलन पुत्र श्री श्यामलाल ग्राम महमूदपुर एफ–16 अवास विकास कॉलट एए जिला–अमेठी–227405	एफ–16, जी–1, ग्राम–महमूदपुर, परगना एवं तहसील–अमेठी की सम्पत्ति, जो कि राम मिलन के नाम पर है। सेलडल– 900 वर्ग मीटर, वर्ष 2013 का निलंब खंड संख्या–454, पुराना संख्या–1, पृष्ठ संख्या–207–216, क्रमांक–1131, उप–पंजीयक अमेठी में पंजीकृत। चौहदी: पूर्व– प्लॉट संख्या जी–2.3 पश्चिम– प्लॉट संख्या एफ–15 उत्तर– महिला पॉलिटेक्निक की सीमाएं दक्षिण– सड़क	11.34 लाख दिनांक 01.09.2017 तक ब्याज व अन्य खर्च	24.01.2018 19.11.2018 प्रतीकात्मक	20.82 लाख 2.082 लाख 0.50 लाख
	शाखा-बलरामपुर (Balluc@ucobank.co.in)				
3.	ऋणकर्ता: (1) रहमानी जनरल स्टोर्स प्रो.–श्रीमती नूर पत्नी श्री जमात बख्श रहमानी निवासी रावत मंडी गोंदियवाग जिला–बलरामपुर–271201 जमानतकर्ता : श्री जमात बख्श रहमान (2) श्रीमती नेमत बख्श रहमानी पुत्र श्री लतीफ बख्श रहमानी, निवासी रावत मंडी गोंदियवाग जिला–बलरामपुर–271201	सम्पत्ति के सभी भाग व खण्ड–प्लॉट नं. 2780 ग्राम बलरामपुर देहात मौजल्ला–गदुरहवा दक्षिणी, जिला बलरामपुर, श्री जमात बख्श रहमानी पुत्र मो. फैजल बख्श मौजल्ला–गोंदियवाग (सब्जीमण्डी) बलरामपुर के नाम पर। कुल क्षेत्रफल–139.40 वर्गमीटर या 1500 वर्गफीट प्लॉट सं. 2780, डीड सं. 7531, बही सं. 1, जिल्द सं. 4634 पृष्ठ सं. 123–172, दिनांक 23.11.2015 उप पंजीयक कार्यालय जिला बलरामपुर में पंजीकृत। चौहदी: पूर्व–पिली कच्चा रास्ता, पश्चिम–तरीघर वेग का प्लाट, उत्तर–राजाज आदि का मूसवंद, दक्षिण–पिली कच्चा रास्ता	₹ 18,48,317.85 दिनांक 25.10.2022 तक + दिनांक 26.06.2022 तक ब्याज, व्यय व अन्य खर्च	27.02.2023 03.07.2023 प्रतीकात्मक	18.81 लाख 1.881 लाख 0.50 लाख
	शाखा-जगदीशपुर jagdupi@ucobank.co.in (M. 9130483055)				
4.	ऋणकर्ता– (1) श्रीमती आलिया बेगम पत्नी तौकीर अहमद, निवासी– पता – प्लॉट संख्या बी 25 सेक्टर 5 फेज 1, पूर्वांचलआईडीसी कॉलोनी उन्दरीपुर, अमेठी उ.प्र. 227817 (2) श्री तौकीर अहमद पुत्र बशीर अहमद पता : ग्राम व पोस्ट रसनाल , अमेठी, उ.प्र. 229309 जमानतकर्ता : श्री खुर्शीद अहमद पुत्र अहमद हुसैन पता : ग्राम व पोस्ट रसनाल , अमेठी, उ.प्र. 229309	प्लॉट संख्या बी 25, सेक्टर 5, फेज 1, पूर्वांचलआईडीसी कॉलोनी उन्दरीपुर, अमेठी उत्तर प्रदेश 227817 में स्थित संपत्ति के सभी भाग श्रीमती आलिया बेगम पत्नी तौकीर अहमद निवासी प्लॉट संख्या बी 25 सेक्टर 5 फेज 1, पूर्वांचलआईडीसी कॉलोनी उन्दरीपुर, अमेठी उत्तर प्रदेश 227817, (सेकंड पार्ट/ख्यरी पट्टे), दिनांक –240 वर्गमीटर बीज संख्या–3802, साल 2014 बही संख्या1, जिल्द नं 2457, पृष्ठ संख्या 251से 260, दिनांक 14.07.2014 उप पंजीयक कार्यालय मुसफिरखाना जिला अमेठी में पंजीकृत है चौहदी : पूर्व–प्लॉट संख्या बी 74, पश्चिम–प्लॉट संख्या बी 76, उत्तर–अन्य प्लॉट, दक्षिण–9 मीटर चौड़ी सड़क	₹ 17.64 दिनांक 29.12.2024 तक ब्याज + लागत, व्यय व अन्य खर्च	18.02.2025 03.07.2025 प्रतीकात्मक	69.83 लाख 6.983 लाख 0.50 लाख

नोट : सरफेसी अधिनियम के नियम 6(2) एवं 8(6) के तहत खातेधारक एवं जमानतकर्ता को 15 दिनों की वैधानिक सूचना।
बिक्री के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए निम्नलिखित वेबसाइट का अवलोकन करें - https://www.ucobank.com, https://baanknet.com
इच्छुक बोलीदार प्राधिकृत अधिकारी के मोबाइल नं.- 9506363066, एवं ई-मेल : zoayodhya.rec@ucobank.co.in पर सम्पर्क कर सकते हैं।

नोट – उपरोक्त नोटिस नियम 6, 8 व 9 के अंतर्गत बिक्री के लिए 15 दिवसीय नोटिस भी समझा जाये
नोट – क्रमांक सं. 4– उपरोक्त नोटिस नियम 6, 8 व 9 के अंतर्गत बिक्री के लिए 30 दिवसीय नोटिस भी समझा जाये

दिनांक : 11.11.2025 स्थान – अयोध्या प्राधिकृत अधिकारी–यूको बैंक

मुश्किल दिनों में महिलाओं की सच्ची सहेली..!
महिलाओं में गानकारी की समस्याएँ, खून की कमी, कमजोरी व हार्मोन्स की गड़बड़ी में लाभदायक
शी वेदा
सीरप पूर्णतया आयुर्वेदिक
Also available at TATA 1mg | amazon | Flipkart
Customer Care : 9628078000 www.rphealthcaregroup.com

मेघदूत
40 YEARS
बालों की आयुर्वेदिक सुरक्षा
शिकाकाई सत् बालों झड़ना, डैण्ड्रफ, बालों का असमय सफेद होना, रूसी–खुश्की, बालों का प्राकृतिक रूप से बढ़ना आदि मे मदद करे।
SHIKAKAI SAT
सतरीठा AYURVEDIC
AMLA, REETHA & BHRINGRAJ
त्वचा की आयुर्वेदिक सुरक्षा
HONEY ALMOND BODY LOTION
MIX FRUIT BODY LOTION
GIVE YOUR SKIN
THE NUTRITION IT NEEDS
हनी अलमण्ड व मिक्स फ्रूट बॉडी लोशन खुश्क त्वचा को मुलायम बनाये रखने मे मदद करे साथ ही दे प्राकृतिक पोषण।
For Trade Inquiry: 8546065407, 7617003671, 9235623142
मेघदूत के समस्त उत्पाद मेडिकल स्टोर, आयुर्वेदिक स्टोर व खादी भंडारों पर उपलब्ध है।